दैनिक भास्कर

राजनांदगांव 02-10-2023

कोर्ट में प्राथमिक उपचार व दवाइयों की मिले सुविधाः चीफ जस्टिस

भास्कर न्यूज | राजनांदगांव

छग हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय का आस्मिक निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने न्यायधीशों व अधिवक्ता संघ के सदस्यों की बैठक ली।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय राजनांदगांव के सभी न्यायालयीन कक्ष, विभिन्न अनुभागों, अधिवक्ता कक्ष, न्यायालय परिसर स्थित पार्किंग, गार्डन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला न्यायालय की अधोसंरचना, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही जिला न्यायालय परिसर स्थित प्राथमिक उपचार कक्ष में जीवन रक्षक दवाइयां एवं उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने सभी न्यायधीशों व अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक ली। उन्होंने अधिवक्ता संघ की बैठक में न्यायदान के लिए सदस्यों से बेहतर सहभागिता की अपेक्षा की। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अरविंद वर्मा, एडिशनल रजिस्ट्रार कम पीपीएस एमवीएलएन सुब्रह्मण्यम, प्रोटोकॉल ऑफिसर आरएस नेगी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।